# सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी

**(भारत सरकार : गृह मंत्रालय)**

**हैदराबाद-500052**

**संख्या 15011/18/2011-स्था.**

**विषय : स.व.प. राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में सहायक निदेशक (कम्प्यूटर्स) का पद प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित)/स्थानांतरण आधार पर भरा जाना.**

इस अकादमी में सहायक निदेशक (कम्प्यूटर्स), वेतनमान रु. 15,600-39,100 + ग्रेड पे रु. 6,600/-(संशोधन पूर्व वेतनमान रु. 10,000-325-15,200/-) का एक पद रिक्त है. यह पद प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) पर स्थानांतरण आधार पर भरा जाना है.

2. पात्रता मानदंड (शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि) का विवरण अनुलग्नक-1 में दिया गया है. पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में नाम वापस लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी.

3. अनुरोध है कि उपरोक्त पद सभी विभागों/संस्थानों/अधिकारियों में प्रचारित किया जाये और सभी विभागों के वेबसाइटों पर भी प्रदर्शित किया जाये तथा पात्र अधिकारियों के नामांकन (क) निर्धारित प्रारूप (**अनुलग्नक-II**) में विधिवत् रूप से अभिप्रमाणित बायो-डाटा (ख) पिछले पांच वर्ष (**यानी 2005-06 से 2010-11 तक**) के एसीआर दस्तावेज की मूल या साक्ष्यांकित प्रतियों (जिनका प्रत्येक पृष्ठ कम से कम अवर सचिव या समकक्ष रैंक के सक्षम प्राधिकारी द्वारा साक्ष्यांकित हो) (ग) पिछले 10 वर्ष के दौरान दी गई बड़ी या छोटी सजा के बारे में विवरण, और (घ) निष्ठा, सतर्कता उपयुक्तता और संवर्ग उपयुक्तता प्रमाणपत्रों (अलग-अलग शीट पर) के साथ इस अकादमी को **उचित माध्यम से** यथा-शीघ्र अग्रसारित किए जा सकते हैं. किन्तु, किसी भी परिस्थिति में वे इस विज्ञापन के एम्प्लायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में प्रकाशन की तारीख से **दो माह से** अधिक अवधि में नहीं पहुंचने चाहिए.

4. किसी भी रूप में अधूरे आवेदनों या अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों अथवा उपरोक्त पैरा 3 में वर्णित दस्तावेज/जानकारी से रहित आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा. संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारियों से निवेदन है कि वे इस बात को प्रमाणित करें कि अधिकारियों द्वारा भरा गया ब्योरा उनके सेवा रिकार्ड के अनुसार सही है.

**(डॉ टी के विनोद कुमार)**
**उप-निदेशक (स्था.)**

अनुलग्नक-I

**स.व.प. राष्ट्रीय पुलिस** अकादमी, हैदराबाद-500052 में सहायक निदेशक (कम्प्यूटर्स) के **पद संबंधी ब्योरा**

**1. पद का नाम :** सहायक निदेशक (कम्प्यूटर्स)

**2. पद का वर्गीकरण :** सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित.

**3. वेतनमान :** पीबी-3 रुपये 15,600-39,100 + ग्रेड पे रु. 6,600/- (संशोधन पूर्व वेतनमान रु. 10,000-325-15,200/-)

**4. मंहगाई भत्ता, म.कि.भ. और अन्य भत्ते :** समय-समय पर केन्द्र सरकार के आदेशों के अनुसार स्वीकार्य.

**5. प्रशिक्षण भत्ता** (केवल सरकारी विभाग में सेवारत व्यक्तियों के लिए) **:** पे बैंड और ग्रेड पे का 30 प्रतिशत प्रशिक्षण भत्ता, जिसमें से नियमानुसार विशेष वेतन प्रतिनियुक्ति भत्ता कम किया जायेगा.

**6. पात्रता मानदंड** (शैक्षिक योग्यताएं, अनुभव, आदि) **:** प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) पर स्थानांतरण/स्थानांतरण आधार पर.

(क) केन्द्र/राज्य सरकार/विश्वविद्यालय/मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान/सार्वजनिक प्रतिष्ठान/संवैधानिक या स्वायत्त निकाय के अंतर्गत कार्यरत अधिकारी जो-

(i) नियमित आधार पर सदृश पदधारी हो; **या**

(ii) पे बैंड-3 रुपये 15,600-39,100 + ग्रेड पे रु. 5,400/-
(संशोधन पूर्व वेतनमान रु. 8,000-275-13,500/-) (संशोधन पूर्व वेतनमान रु. 2,200-4000/-) अथवा समकक्ष वेतनमान के पद पर 5 वर्ष की नियमित सेवा पूरी की हो; **या**

(iii) पे बैंड-2 रुपये 9,300-34,800 + ग्रेड पे रु. 4,600/- (संशोधन पूर्व वेतनमान रु. 6,500-200-10,500/-) (अथवा समकक्ष वेतनमान के पद पर 8 वर्ष की नियमित सेवा पूरी की हो; **और**

(ख) निम्नांकित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव प्राप्त किया हो :

**अनिवार्य :**

(i) सांख्यिकी/गणित (सांख्यिकी के साथ)/आपरेशॅन्स रिसर्च/फिजिक्स अथवा अर्थशास्त्र/वाणिज्य (सांख्यिकी के साथ) में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा इंजीनियरी/कम्प्यूटर साइंस में स्नातक उपाधि मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से प्राप्त की हो.

(ii) इलेक्ट्रिक डाटा प्रोसेसिंग कार्य का 7 वर्ष का अनुभव, जिसमें से 3 वर्ष का अनुभव किसी इलेक्ट्रोनिक कम्प्यूटर पर वास्तविक प्रोग्रामिंग का होना चाहिए.

**वांछनीय :**

(i) इंजीनियरी में स्नात्कोत्तर उपाधि या अनिवार्य योग्यताओं के अंतर्गत वर्णित किसी विषय में डॉक्टरेट योग्यता.

(ii) कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग/सिस्टम डिजाइनिंग/विश्लेषण में औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया हो.

**7. कार्य का स्वरूप :** सहायक निदेशक (कम्प्यूटर्स) अकादमी में कम्प्यूटर अनुभाग का प्रभारी होगा और वह कम्प्यूटर अनुभाग की सक्षम कार्यप्रणाली, कम्प्यूटर अनुभाग/अकादमी के विभिन्न अनुभागों के सभी कम्प्यूटरों और अनुषंगी उपकरणों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार होगा. चुना हुआ अधिकारी स्टॉक बुक का रखरखाव सुनिश्चित करने, कम्प्यूटर अनुभाग से सम्बद्ध रजिस्टर और अन्य वस्तुएं जारी करने के प्रति जिम्मेदार होगा. अधिकारी को वेब डिजाइनिंग और वेबसाइटों/नेटवर्किंग के रखरखाव और समय-समय पर पड़ने वाली कम्प्यूटर संबंधी अन्य जरूरतों को पूरा करने के अलावा बुनियादी पाठ्यक्रमों और सेवा कालीन पाठ्यक्रमों के डिजाइन एवं आयोजन/कम्प्यूटर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने, जैसे दायित्वों का निर्वाह करना होगा.

**8. प्रतिनियुक्ति :** प्रतिनियुक्ति/अनुबंध की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी,

जिसमें प्रस्तावित नियुक्ति से तत्काल पहले केंद्र सरकार के इसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में अन्य संवर्ग वाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति/अनुबंध की अवधि भी शामिल मानी जाएगी). प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए उम्मीदवार की अधिकतम आयु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**उपनिदेशक (स्था.)**

**अनुलग्नक-II**

## कैरिकुलम वाइटे प्रारूप

1. नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में) :

2. जन्म तिथि (ईस्वी सन में) :

3. केन्द्र/राज्य सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीख :

4. शैक्षिक योग्यताएं :

5 क्या पद के लिए निर्धारित शैक्षिक और अन्य योग्यताएं पूरी करते हैं (यदि किसी योग्यता को नियमों के अंतर्गत निर्धारित योग्यता के समकक्ष समझा गया हो, तो तत्संबंधी प्राधिकारी का उल्लेख करें)

**अपेक्षित योग्यताएं/अनुभव** **अधिकारी द्वारा प्राप्त योग्यता/अनुभव**

**अनिवार्य** (1)
(2)
(3)

**वांछनीय** (1)
(2)

6. अपने द्वारा भरी गयी प्रविष्टियों के संदर्भ में कृपया वताएं, क्या आप पद के लिए निर्धारित योग्यताएं पूरी करते हैं.

7. कालक्रमानुसार रोजगार का ब्योरा. नीचे स्थान पर्याप्त न हो तो अपने हस्ताक्षर से अभिप्रमाणित अलग शीट संलग्न करें

| क्र. सं. | कार्यालय/संस्थान | धारित पद | से | तक | वेतनमान और मूल वेतन | किए गए कार्यों का स्वरूप (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|---|

8. वर्तमान रोजगार का स्वरूप, यानी तदर्थ या अस्थाई या अर्द्धस्थाई या स्थाई :

9. अगर वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर आधारित हो, तो कृपया निम्नांकित जानकारी दें :-

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख :

(ख) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध की अवधि :

(ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम, जिससे आप संबद्ध हैं.

10. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त जानकारी :

(कृपया बतायें किसके अधीन कार्यरत हैं, सम्बद्ध प्रविष्टि के सामने अपने नियोक्ता का नाम लिखें)

(क) केन्द्र सरकार (ख) राज्य सरकार (ग) स्वायत्त संगठन

(घ) सरकारी प्रतिष्ठान (ङ) विश्वविद्यालय (च) अन्य

11. क्या आप इसी विभाग में कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड अथवा फीडर ग्रेड के फीडर पद पर कार्यरत हैं :

12. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो संशोधन लागू होने की तारीख वतायें, और संशोधन पूर्व वेतनमान का भी उल्लेख करें.

13. प्रतिमाह प्राप्त कुल परिलब्धियां :

14. अतिरिक्त जानकारी यदि कोई हो, जो आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के संदर्भ में देना चाहतें हों :

(इसके अंतर्गत अन्य वातों के अलावा (i) अतिरिक्त शैक्षिक योग्यताओं का ब्योरा

(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और

(iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित अनुभव से अधिक अनुभव का ब्योरा दिया जा सकता है.)

(नोट-यदि स्थान पर्याप्त न हो, तो अलग शीट संलग्न करें)

15. कृपया वताएं आप प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित)/आमेलन/पुनर्रोज़गार आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन कर रहे हैं? (केन्द्र/राज्य सरकार के अधीन कार्यरत अधिकारी "आमेलन" के लिए पात्र हैं. गैर-सरकारी संगठनों के उम्मीदवार अल्पावधि अनुबंध के लिए पात्र हैं.)

16. क्या आप अजा/अजजा से संबद्ध हैं :

17. अभ्युक्ति (इसके अंतर्गत (i) अनुसंधान प्रकाशनों और रिपोर्टों तथा विशेष परियोजनाओं का ब्योरा (ii) पुरस्कार/स्कॉलरशिप/सरकार से प्राप्त प्रशंसापत्रों, (iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थानों/समितियों से सम्बद्धता और (iv) कोई अन्य जानकारी दी जा सकती है.)

(नोट-यदि स्थान पर्याप्त न हो तो अलग शीट संलग्न करें)

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मैं भली-भांति जानता हूं कि मेरे द्वारा दस्तावेजी प्रमाण के साथ प्रस्तुत किए गए योग्यता-अनुभव संबंधी विवरण की पड़ताल पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा की जायेगी.

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

दिनांक :.................. प्रतिहस्ताक्षरित पता ..................

(नियोक्ता मुहर सहित)

### आवेदक के कार्यालय प्रमुख द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण पत्र

1. प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी .............................. द्वारा आवेदन में दिए गए ब्योरे की जांच उनके सेवा रिकार्ड से कर ली गई है और सही पाया गया है.

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि :

2. श्री/श्रीमती/कुमारी .............................. के खिलाफ सतर्कता/अनुशासन का कोई मामला बकाया या विचारणीय नहीं है. उनकी निष्ठा प्रमाणित है.

3. इस मंत्रालय/विभाग के रिकार्ड के अनुसार श्री/श्रीमती/कुमारी .............................. को पिछले 10 वर्ष के दौरान कोई बड़ी/छोटी सजा नहीं दी है.

कार्यालय प्रमुख के हस्ताक्षर मुहर सहित

**नोट : पिछले पांच वर्ष (यानी 2005-06 से 2010-11 तक) के एसीआर दस्तावेज की मूल या साक्ष्यांकित प्रतियों और निष्ठा प्रमाणपत्र, सतर्कता उपयुक्तता प्रमाणपत्र तथा पिछले 10 वर्ष के दौरान दी गई छोटी/बड़ी सजा संबंधी विवरण अलग-अलग शीटों पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए.**

रो.स-33/17